संख्या-27/2016/742/38-6-16-06(आरसेटी)/2016

प्रेषक,

आशीष कुमार गोयल,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सहारनपुर।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक-24 अक्टूबर, 2016**

विषयः- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान(आरसेटी) के भवन निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि की लीज डीड निरस्त किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-2149/डी.आर.डी.ए./आरसेटी/2015-16, दि0-01.08.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से शासनादेश सं0-1099/38-6-13-12एसजीएसवाई/2008, दि0-24.10.2013 के माध्यम से जनपद-सहारनपुर में आरसेटी भवन के निर्माण हेतु ग्राम सभा-साढौली घीरा मु0 के ग्राम सरथगल मु0 के खसरा नं0-555 में क्षेत्रफल 0.405 हे0 उपलब्ध कराई भूमि का लीज डीड निरस्त का आदेश निर्गत किए जाने का अनुरोध किया गया है क्योंकि जनपद की संबंधित लीड बैंक पंजाब नेशनल बैंक के पास आरसेटी भवन निर्माण के लिए ग्राम-माटकी झरौली के ग्राम विकास केन्द्र पर अपनी भूमि उपलब्ध है और इस कारणवश शासन/जिला प्रशासन द्वारा आवंटित की गई भूमि की बैंक को आवश्यकता नहीं है। यह भी अवगत कराया गया है कि आरसेटी के भवन निर्माण का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश सं0-1099/38-6-13-12एसजीएसवाई/2008, दि0-24.10.2013 के माध्यम से जनपद-सहारनपुर में आरसेटी भवन के निर्माण हेतु ग्राम सभा-साढौली घीरा मु0 के ग्राम सरथगल मु0 के खसरा नं0-555 में क्षेत्रफल 0.405 हे0 उपलब्ध कराई भूमि का आवंटन निरस्त किया जाता है। कृपया उक्त शासनादेश के तहत जनपद-स्तरीय अधिकारी व संबंधित लीड बैंक के मध्य निष्पादित मेमोरेण्डम आफ अण्डर स्टैंडिग(एमओयू) को निरस्त करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही तथा भू-अभिलेखों में भी आवश्यकतानुसार यथोचित उल्लेख/संशोधन करने का कष्ट करें।

3- शासनादेश दि0-13.10.2013 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाएगा।

भवदीय,

(आशीष कुमार गोयल)
सचिव।

shasanadesh.up.nic.in

संख्या-27/2016/742(1)/38-6-2016 तददिनांक।

उपर्युक्त की प्रति निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ।
2- प्रमुख सचिव, वित्त/राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
4- मिशन निदेशक, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
5- मण्डलायुक्त, सहारनपुर, उ0प्र0 द्वारा- मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम।
6- मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक, सहारनपुर, उ0प्र0 द्वारा- मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम।
7- लीड बैंक आफिसर द्वारा- मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम।
8- जनरल मैनेजर/पंजाब नेशनल बैंक, उ0प्र0 लखनऊ।
9- मुख्य महाप्रबन्धक एस.एल.बी.सी., गोमती नगर, लखनऊ।
10- श्री अटल डुल्लू, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
11- श्री राजीव टकरू, सचिव, वित्त मंत्रालय, वित्त सेवायें विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके अर्द्धशा0 प0सं0-3(10)/2009-सीपी, दि0-17.09.2013 के संदर्भ में।
12- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(हीरा लाल)
विशेष सचिव।

shasanadesh.up.nic.in